# नागद्वारी मेले की व्यवस्थाओं को लेकर प्रशासन अलर्ट

## एसडीएम, तहसीलदार और सीईओ ने नागदेव निमोटी क्षेत्र में पहुंचकर लिया जायजा, श्रद्धालुओं की सुविधा पर विशेष जोर



**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा/जुन्नारदेव, 8 अगस्त, प्रसिद्ध नागद्वारी मेला 8 अगस्त से शुरू हो गया है। मध्यप्रदेश के साथ-साथ महाराष्ट्र के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के मेले में पहुंच रहे है। मेले में श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए प्रशासन ने व्यवस्थाओं को लेकर पूरी सतर्कता बरतनी शुरू कर दी है। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने सभी संबंधित विभागों को व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए हैं।**

कलेक्टर के निर्देश पर एसडीएम राजनंदिनी सिंह, तहसीलदार ज्योति ठोके एवं जनपद पंचायत सीईओ रश्मि चौहान ने दमुआ एवं नागदेव निमोटी क्षेत्र में पहुंचकर नागद्वारी मेले की व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

अधिकारियों ने मेले से जुड़े मार्गों, पार्किंग व्यवस्था तथा श्रद्धालुओं के आवागमन से संबंधित व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों से आवश्यक जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने श्रद्धालुओं को बेहतर एवं सुचारू सुविधाएं उपलब्ध कराने को लेकर संबंधित अमले से चर्चा की। प्रशासन का स्पष्ट निर्देश है कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और उन्हें सुरक्षित एवं सुगम वातावरण उपलब्ध कराया जाए।

मेडिकल टीम और पुलिस बल रहेगा तैनात - मेले में श्रद्धालुओं की सुरक्षा और स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए मेडिकल टीम की तैनाती की गई है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। वहीं पूरे मेला क्षेत्र में पुलिस बल की तैनाती भी रहेगी। पुलिस द्वारा मेले की समस्त चाक-चौबंद व्यवस्था पर ध्यान रखा जाएगा। प्रशासन द्वारा मेले के दौरान भीड़, यातायात, पार्किंग और सुरक्षा व्यवस्था पर लगातार निगरानी रखी जाएगी। अधिकारियों ने संबंधित विभागों को मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाए रखने तथा श्रद्धालुओं की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए हैं। नागद्वारी मेला जुन्नारदेव, दमुआ और नवेगांव क्षेत्र से होकर गुजरता है और इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं का आवागमन होता है। ऐसे में प्रशासन की सक्रियता से मेला क्षेत्र में व्यवस्थाओं को सुचारू बनाए रखने और श्रद्धालुओं को सुरक्षित धार्मिक यात्रा उपलब्ध कराने पर जोर दिया जा रहा है।

### कुरई में बिजली संकट से हाहाकार: 32 गांवों में सिंगल फेस सप्लाई

## कम वोल्टेज और जले ट्रांसफार्मरों से ग्रामीण परेशान



**कुरई, नवभारत।** कुरई क्षेत्र के पिपरवानी एवं पाटन फीडर अंतर्गत आने वाले करीब 32 गांवों में पिछले 4-5 दिनों से विद्युत व्यवस्था चरमराई हुई है। अधिकांश गांवों में शाम 5 बजे से सुबह 7 बजे तक सिंगल फेस बिजली आपूर्ति किए जाने से ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कम वोल्टेज और अनियमित विद्युत आपूर्ति के चलते कई स्थानों पर बल्ब-पंखे तक ठीक से नहीं चल पा रहे हैं, वहीं विद्युत भार बढ़ने से कई ट्रांसफार्मर जलने की भी शिकायत सामने आई है।

ग्रामीणों का कहना है कि कई गांवों में ट्रांसफार्मर जल जाने के कारण विद्युत आपूर्ति पूरी तरह बाधित है। बिजली संकट का सबसे अधिक असर किसानों, विद्यार्थियों, छोटे व्यापारियों, श्रमिकों, मरीजों और घरेलू उपभोक्ताओं पर पड़ रहा है। लगातार शिकायतों के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं होने से ग्रामीणों में नाराजगी बढ़ रही है।

**आमाझिरी में भी कम वोल्टेज की गंभीर समस्या**

ग्राम पंचायत पचधार के ग्राम आमाझिरी में भी सिंगल फेस विद्युत लाइन के कारण लंबे समय से कम वोल्टेज और अनियमित विद्युत आपूर्ति की समस्या बनी हुई है। किसानों के कृषि पंप पर्याप्त क्षमता से संचालित नहीं हो पा रहे हैं, जिससे कृषि कार्य प्रभावित हो रहे हैं। ग्रामीणों के घरेलू विद्युत उपकरण भी कम वोल्टेज के कारण ठीक से काम नहीं कर पा रहे हैं।

क्षेत्रवासियों द्वारा अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), कुरई के माध्यम से विद्युत विभाग के अधिकारियों के समक्ष समस्या के तत्काल निराकरण की मांग रखी गई है। ज्ञापन में सभी प्रभावित गांवों में नियमित एवं निर्बाध थ्री-फेज विद्युत आपूर्ति बहाल करने, जले ट्रांसफार्मरों को प्राथमिकता से बदलने, खराब विद्युत उपकरणों की तत्काल मरम्मत कराने तथा सिंगल फेस सप्लाई एवं अघोषित कटौती की समस्या का स्थायी समाधान करने की मांग की गई है। इसके अलावा विद्युत विभाग में कर्मचारियों की कमी दूर करने के लिए आवश्यक पदस्थापना, आम जनता की शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त करने और उसका मोबाइल नंबर सार्वजनिक करने की मांग की गई है।

**पिंडरई का पावर हाउस जल्द शुरू करने की मांग**

क्षेत्रवासियों ने विद्युत संकट के स्थायी समाधान के लिए ग्राम पिंडरई में निर्माणाधीन पावर हाउस का कार्य शीघ्र पूरा कर उसे प्रारंभ करने की मांग भी उठाई है। इसके साथ ही वन विभाग से आवश्यक समन्वय स्थापित कर लंबित विद्युत लाइन विस्तार के कार्य को जल्द पूरा कराने की मांग की गई है। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग से आमाझिरी की विद्युत व्यवस्था का स्थल निरीक्षण एवं तकनीकी परीक्षण कराकर आवश्यकता के अनुसार पर्याप्त क्षमता की विद्युत लाइन, ट्रांसफार्मर एवं अन्य आवश्यक विद्युत अधोसंरचना उपलब्ध कराने की मांग की है।

### एक नजर में

**10 को आएगी कावड़ यात्रा, बाबा महाकाल की निकलेगी शाही सवारी**

**बरघाट।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी बरघाट में भव्य कावड़ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। बोल बम सेवा समिति ने जानकारी देते हुए बताया कि 9 अगस्त दिन रविवार को सभी कावड़िये चौपइया वाहन द्वारा परतापुर मुंडारा के लिए प्रस्थान करेंगे। रात्रि विश्राम कर 10 अगस्त दिन सोमवार को भव्य महाकाल की शाही सवारी के साथ परतापुर मुंडारा से पवित्र गंगा जल लेकर वहां से रवाना होंगे। जो बरघाट नगर में दोपहर लगभग 1:00 बजे पहुंचेगी। बाबा महाकाल की शाही सवारी के साथ अनेक ग्राम एवं बरघाट नगर से होते हुए श्री नर्मदेश्वर मंदिर जेवनारा में पहुंच कर जलाभिषेक करेंगे। आयोजन समिति बोल बम सेवा समिति ने सभी धर्म प्रेमी बंधुओ को सादर आमंत्रित करते हुए कावड़ यात्रा में शामिल होने का निवेदन किया हैं।

**महिला कुर्मी समाज द्वारा हरियाली तीज महोत्सव का आयोजन 18 अगस्त को होगा**

**सिवनी।** महिला कुर्मी क्षत्रीय समाज जिला सिवनी के तत्वाधान में सौंदर्य प्रेम एवं अपनत्व व हरियाली के प्रतीक हरियाली तीज महोत्सव का आयोजन 18 अगस्त मंगलवार को उदय सेलिब्रेशन लॉन मरझोर रोड सिवनी में किया गया है। हरियाली तीज महोत्सव की विशेष आकर्षण राधा कृष्ण की झांकी महिलाओं के सामूहिक नृत्य सावन के झूले एवं सावन के गीत एवं अतिथियों के प्रेरक उद्बोधन रहेंगे। उक्ताशय की जानकारी देते हुए महिला कुर्मी क्षत्रिय समाज जिला सिवनी की अध्यक्ष श्रीमती आशा मोहन चंदेल एवम मध्य प्रदेश महिला कुर्मी क्षत्रिय समाज की उपाध्यक्ष श्रीमती रुक्मणी सनोडिया ने समस्त स्व जातीय बहनों एवं भाइयों से इस अवसर पर सह परिवार उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाये।

## विश्व स्तनपान जागरूकता सप्ताह के तहत कार्यक्रम संपन्न



**नवभारत न्यूज**
**छिंदवाड़ा/जुन्नारदेव, 8 अगस्त, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जुन्नारदेव में शुक्रवार को विश्व स्तनपान सप्ताह के तहत एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।**

इस दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम ने रोल प्ले (भूमिका-अभिनय) के जरिए समाज में स्तनपान को लेकर व्याप्त भ्रांतियों को दूर करते हुए माताओं को सही और वैज्ञानिक तथ्यों की जानकारी दी।

**रोल प्ले के जरिए दूर कीं गलत धारणाएं**

कार्यक्रम के दौरान चिकित्सकों और नर्सिंग स्टाफ ने एक जीवंत नाटक की प्रस्तुति दी। इसके माध्यम से आमतौर पर समाज में प्रचलित गलत धारणाओं और कुरीतियों को नाटक के पात्रों के जरिए सामने लाया गया और फिर उनका सही वैज्ञानिक समाधान प्रस्तुत किया गया। उपस्थित माताओं को शिशु के लिए माँ के दूध के फायदे, सही पोषण, शिशु को स्तनपान कराने की सही मुद्रा तथा सही अटैचमेंट के बारे में बेहद सरल और प्रभावी तरीके से समझाया गया। जागरूकता अभियान में ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर (बीएमओ) डॉ. सुरेश नागवंशी के मार्गदर्शन में पूरी टीम ने सक्रिय सहभागिता निभाई। रोल प्ले एवं कार्यक्रम में डॉ. अविनाश धाकड़, डॉ. मुदस्सर खान, डॉ. रोहिल उम्मन, डॉ. शौरभ राज और डॉ. विजेंद्र परतेती ने चिकित्सीय परामर्श एवं जानकारी साझा की।

## जिला महाराष्ट्रीयन स्वर्णकार समाज की प्रथम कार्यकारिणी बैठक आज

**छिंदवाड़ा।** जिला महाराष्ट्रीयन स्वर्णकार समाज की प्रथम कार्यकारिणी बैठक रविवार, 9 अगस्त 2026 को आयोजित की जाएगी। बैठक में समाज की विभिन्न कार्यकारिणियों के गठन की प्रक्रिया और चुनाव की तैयारियों को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा की जाएगी। समाज के सचिव मनोज सोनी ने बताया कि 9 अगस्त को होने वाली बैठक में किसी भी कार्यकारिणी का चुनाव नहीं होगा। बैठक में चुनाव किस प्रकार और किन प्रक्रियाओं के तहत कराया जाएगा, इसका निर्धारण किया जाएगा। सभी कार्यकारिणियों के चुनाव की तिथि बैठक के बाद सर्वसम्मति से घोषित की जाएगी। बैठक में पदभार ग्रहण, शपथ ग्रहण एवं भूजलिया मिलन कार्यक्रम के आयोजन को लेकर भी चर्चा होगी। समाज के समस्त कार्यकारिणी सदस्यों, सामाजिक बंधुओं, महिला संवर्ग एवं युवा साथियों से बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने की अपील की गई है, ताकि चुनाव से पूर्व सभी अपने महत्वपूर्ण सुझाव प्रस्तुत कर सकें।

## ई.पी.ई.एस. बकोड़ा सिवनी में हुआ वृक्षारोपण



**छपारा नवभारत।** पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संचालित एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत 8 अगस्त दिन शनिवार को ई.पी.ई.एस. बकोड़ा, सिवनी में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं के साथ वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जनपद पंचायत छपारा के अध्यक्ष सदम सिंह बरकड़े, भूतबंधानी क्रॉप्स प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड खैरमटा कोल बंधानी के अध्यक्ष लालचंद धुर्वे, वन विभाग से राजपूत वनसंरक्षक अशोक कुमार कुमरे, शिक्षक ठाकुर सहित स्कूल के समस्त स्टाफ और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अतिथियों ने कहा कि जिस प्रकार भोजन हमारे जीवन के लिए आवश्यक है, उसी प्रकार पेड़-पौधे भी हमारे जीवन के लिए अनिवार्य हैं। पेड़ों से हमें शुद्ध हवा और जल प्राप्त होता है। पेड़ हमारे सच्चे मित्र हैं, इन्हें काटना नहीं चाहिए बल्कि इनकी रक्षा और देखभाल करनी चाहिए।

कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों, शिक्षकों और विद्यार्थियों ने मिलकर यह विद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए। कार्यक्रम में उपस्थित सभी ने पर्यावरण बचाने का संकल्प लिया।

## आज सिवनी में बदलेगी यातायात व्यवस्था, भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक

**सिवनी नवभारत।** विश्व आदिवासी दिवस के अवसर पर 9 अगस्त को शहर में आयोजित होने वाली विशाल रैली एवं विभिन्न कार्यक्रमों को देखते हुए यातायात व्यवस्था में अस्थायी बदलाव किया गया है। आमजन की सुविधा और सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस द्वारा यातायात के लिए विशेष व्यवस्था लागू की गई है।पुलिस के अनुसार 9 अगस्त को सुबह 10 बजे से रात 8 बजे तक समस्त बसों का संचालन शहर के बाहर से किया जाएगा। छिंदवाड़ा और नागपुर की ओर से आने-जाने वाली बसें छिंदवाड़ा बायपास ब्रिज से संचालित होंगी। इस दौरान छिंदवाड़ा चौक, शंकर मढ़िया और नगरपालिका मार्ग पर बसों का आवागमन प्रतिबंधित रहेगा।इसी तरह जबलपुर, बालाघाट और कटंगी की ओर से आने-जाने वाली बसों का संचालन रजवाड़ा लॉन्स के पास से किया जाएगा। मुंगवानी रोड की बसें महामाया पेट्रोल पंप, मुंगवानी रोड के पास से संचालित होंगी।

**सुबह 7 से रात 10 बजे तक भारी वाहनों पर रोक**

विश्व आदिवासी दिवस के कार्यक्रमों को देखते हुए 9 अगस्त को सुबह 7 बजे से रात 10 बजे तक भारी वाहनों का शहर में प्रवेश पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा। रैली के दौरान शहर के कुछ प्रमुख मार्गों पर यातायात का दबाव अधिक रहने की संभावना है।कचहरी चौक से सिंधिया चौक, बरघाट नाका से गणेश चौक, नगरपालिका चौक, शंकर मढ़िया तथा महावीर मढ़िया से छिंदवाड़ा चौक तक यातायात प्रभावित रहेगा। इन मार्गों पर लोडिंग वाहनों का उपयोग भी प्रतिबंधित रहेगा।पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि असुविधा से बचने के लिए निर्धारित समय में वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें और यातायात व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें।

## जनविश्वास अभियान के तहत हथनापुर में हुआ जनसंवाद



**सिवनी नवभारत।** मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान 2026 के अंतर्गत 7 अगस्त को ग्राम पंचायत हथनापुर में जिला स्तरीय जन संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र भ्रमण कर आम जनता की शिकायतों एवं समस्याओं की जानकारी ली गई तथा उनके त्वरित निराकरण, शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की मॉनीटरिंग और लोक सेवाओं को समय-सीमा में उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आवश्यक कार्रवाई की गई।जन संवाद के दौरान शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हथनापुर में बाउंड्रीवाल निर्माण की मांग सामने आने पर प्रस्ताव तैयार किया गया। वहीं प्राथमिक शालाओं में मध्यान्ह भोजन तैयार करने के लिए आवश्यक गैस सिलेंडर की आपूर्ति के संबंध में जिला खाद्य अधिकारी को पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया।निरीक्षण के दौरान शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हथनापुर में बच्चों के कक्षा से बाहर घूमते पाए जाने पर जिला शिक्षा अधिकारी अविनाश दीक्षित द्वारा संबंधित शिक्षक को कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया।

छात्रावासों और स्कूलों का निरीक्षणअभियान के तहत लोक शिक्षण संचालनालय, मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा सिवनी जिले के लिए नियुक्त नोडल अधिकारी राजेश बागडे ने उत्कृष्ट बालिका एवं बालक छात्रावास का निरीक्षण किया। इस दौरान विद्यार्थियों से उन्हें मिलने वाली सुविधाओं तथा अध्ययन-अध्यापन से जुड़ी समस्याओं की जानकारी ली गई। नोडल अधिकारी ने शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय सिवनी, शासकीय माध्यमिक शाला चुरनाटोला, पीएमश्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खैरापलारी और शासकीय प्राथमिक शाला मेरा का भी निरीक्षण किया। यहां विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर, आईसीटी लैब, डिजिटल लाइब्रेरी, एटीएल लैब, विज्ञान प्रयोगशाला, मध्यान्ह भोजन, पेयजल एवं शौचालय जैसी सुविधाओं की जानकारी लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जन विश्वास अभियान के तहत जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के एपीसी संजीव राय द्वारा भी निरीक्षण एवं मॉनीटरिंग में सहयोग किया गया।

## आदिवासी दिवस के उपलक्ष्य में हुआ वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित



**सिवनी नवभारत।** ट्रायबल फ्यूचर यूथ सिवनी द्वारा 9 अगस्त विश्व आदिवासी दिवस के उपलक्ष्य में पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शुक्रवार, 8 अगस्त को एक भव्य वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आदिवासी समाज के समस्त छात्र-छात्राओं एवं युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए तथा उनके संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान युवाओं ने हरित सिवनी, स्वच्छ एवं सुरक्षित भविष्य का संदेश देते हुए पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

उपस्थित छात्र-छात्राओं एवं युवाओं ने कहा कि वृक्षारोपण केवल पौधे लगाने की प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वस्थ, संतुलित और सुरक्षित पर्यावरण तैयार करने का सामूहिक दायित्व है। सभी ने अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने का संकल्प भी लिया। सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए पर्यावरण संरक्षण के लिए जनजागरूकता अभियान चलाने की बात कही।

**आयोजन** | **ईद मिलादुन्नबी पर शान-शौकत के साथ निकाला जाएगा जूलूस ए मोहम्मदी**

## उलमा ए अहले सुन्नत की मौजूदगी में मनाया उर्स ए आला हज़रत



**सिवनी नवभारत।** 108 वा उर्स ए आला हज़रत ईमाम अहमद रजा खान हनफी सूफी बरेलवी रहमतुल्लाह अलैय मस्जिद नूर अंबिया राज्य परिवहन बस स्टैंड पर मनाया गया जिसमें जिला सिवनी से अहले सुन्नत व जमात सुन्नी हनफी सूफी बरेलवी उलमा ए इकराम हुफ्फाज ए इकराम मुफतियाने इकराम मौजूद थे।

सूफी समाजिक कार्यकर्ता सूफी मंज़ूर रज़ा क़ादरी द्वारा जारी विज्ञप्ति में बताया गया की हज़रत अल्लामा मौलाना मुफ्ती तौहिद आलम साहब रजवी हज़रत अल्लामा मौलाना इफ्तिखार रज़ा साहब हाफ़िज़ नसीम फिरदौसी हाफ़िज़ सिराज फिरदौसी मौलाना कासिफ रज़ा साहब हाफ़िज़ जानी हैदर हाफ़िज़ मुस्ताक मुफ्ती साज़िद सकाफी साहब हाफ़िज़ नफीस रज़ा हाफ़िज़ समीम फिरदौसी हाफ़िज़ सगीर अशरफ़ी हाफ़िज़ गुलाम गौस मौलाना गाज़ी आदिल रज़ा मौलाना रइस रेहान रज़ा अत्तारी बासित रज़ा मौलाना शकील रज़ा हाफ़िज़ अब्दुल हकीम रज़ा हाफ़िज़ सलीम रज़ा हाफ़िज़ समीम गणेशगंज संहिता सैकड़ों उलमा मौजूद थे जबकि सरपरस्ती में हाजी सैय्यद हैदर अली ठेकेदार मोहम्मद ज़ुबैर बाबा भाई बोरदई मोहम्मद सुलेमान क़ादरी साहब शब्बीर वारसी साहब शफीक पटेल आबिद भाई बाबा भाई सैक्रेटरी मंज़ूर रज़ा क़ादरी सहित बड़ी संख्या में अवाम ए अहले सुन्नत व जमात मौजूद रही उलमा ए अहले सुन्नत व जमात ने उर्स ए आला हज़रत पर तकरीर फरमाई आपके इल्म का डंका सिर्फ हिंदुस्तान में ही नहीं दुनिया भर के मुल्कों में आला हज़रत ईमाम अहमद रजा खान हनफी सूफी बरेलवी की तालिमात पर काम किया जा रहा है आगे नसीम फिरदौसी साहब ने फ़रमाया ये उर्स ए आला हज़रत के मौके पर जिले भर के उलमा मुफ्ती तौहिद आलम साहब की सरपरस्ती में नूर अंबिया मस्जिद में जमा हुए हैं ये सब इत्तेहाद ए अहले सुन्नत व जमात मसलक ए आला हज़रत के अलम्बरदार है हमारे लिए सिलसिले बाद में है सबसे पहले अहले सुन्नत व जमात है हम तमाम उलमा ए अहले सुन्नत मसलक ए आला हज़रत के मिशन के ख़ादिम है और आप अवाम अपने ईमान अकिदे की हिफाजत करते हुए मसलक ए आला हज़रत पर क़ायम रहें।

आगे फ़रमाया कि अगस्त महीने में पैगम्बर हजरत मोहम्मद सल्लाहो अलैय वसल्लम की यौमे पैदाइश ईद मिलादुन्नबी पुरे देश प्रदेश सहित जिले में शानदार पैमाने पर मनाया जाएगा।

**जिले भर में मनाया जाएगा ईद - ए- मिलाद**

केवलारी घंसौर लखनादौन कुरई खवासा भोमा धनौरा छपारा आदेगाव पलारी भीमगण बोरिया सुनवारा गणेशगंज दारोट बरघाट समस्त बलाक एवं शहर सिवनी में जूलूस ए मोहम्मदी शान शौकत में परंपरागत तरीके से मनाया जाएगा सभी उलमा ए अहले सुन्नत व जमात जिला सिवनी ने शांति पूर्वक जिले भर में मनाया जाएगा आवाम से तमाम उलमा ने अपील की है। खिताब के बाद फातिहा हुई दुआ में जिले में अमन-शांति के लिए दुआ हुई व तमाम हज़रात के लिए लंगर भंडारे का आयोजन किया गया था।

## ग्राम विकास समितियों को दिया प्रशिक्षण




**कुरई नवभारत।** जन अभियान परिषद के तत्वावधान में प्रस्फुटन शक्ति संचय कार्यक्रम अंतर्गत ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों की बैठक सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन जनपद पंचायत कुरई के सभागार में किया गया। कार्यक्रम जिला समन्वयक राजेन्द्र चौधरी के मार्गदर्शन एवं विकासखंड समन्वयक कुलदीप सिंह ठाकुर की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ जनपद पंचायत कुरई अध्यक्ष लोचन सिंह मर्सकोले एवं विधायक प्रतिनिधि जागेश्वर प्रसाद पांडे द्वारा मां सरस्वती के पूजन-अर्चन के साथ किया गया। अतिथियों का स्वागत उपरांत विकासखंड समन्वयक कुलदीप सिंह ठाकुर ने कार्यक्रम की अवधारणा एवं उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों की मासिक बैठक सह प्रशिक्षण का क्रम पुन: प्रारंभ किया गया है।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जनपद पंचायत अध्यक्ष लोचन सिंह मर्सकोले ने कहा कि जन अभियान परिषद समाज के बीच महत्वपूर्ण विषयों को लेकर जागरूकता का कार्य कर रही है। परिषद से जुड़े सभी कार्यकर्ता समाज एवं प्रदेश के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। इस दौरान उन्होंने जनपद पंचायत द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी दी। विधायक प्रतिनिधि जागेश्वर प्रसाद पांडे ने कहा कि शासन और समाज के मध्य सेतु के रूप में कार्य करने का अवसर सभी समिति सदस्यों को मिला है, जिसका उपयोग समाज उत्थान के कार्यों में किया जाना चाहिए। प्रशिक्षण सत्र के दौरान विकासखंड समन्वयक श्री ठाकुर ने उपस्थित ग्राम विकास प्रस्फुटन समितियों के सदस्यों से विगत माह में किए गए कार्यों का प्रस्तुतीकरण कराया। कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्हें बेहतर एवं प्रभावी तरीके से संचालित करने के संबंध में मार्गदर्शन दिया गया, ताकि सामाजिक गतिविधियों के स्थायी परिणाम प्राप्त हो सकें।

बैठक में वर्तमान में संचालित स्वैच्छिकता पर्व की गतिविधियों को 12 अगस्त तक निरंतर जारी रखने के निर्देश दिए गए। वहीं 12 से 16 अगस्त तक आयोजित होने वाली हरियाली यात्रा एवं नवांकुर सखी योजना अंतर्गत सेक्टर स्तरीय कार्यक्रमों में सभी की सहभागिता सुनिश्चित करने का आग्रह किया